बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

बाढ़ 2026 : प्रेस विज्ञप्ति
(15 सितम्बर 2026)

समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे

1. **वर्षापात : बिहार मौसम सेवा केन्द्र के अनुसार राज्य में इस वर्ष :**

   i. जून माह में **103.8 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो जून माह के लिए निर्धारित सामान्य वर्षापात से **36 % कम** है।
   ii. जुलाई माह में **227.2 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो सामान्य से **33 % कम** है।
   iii. अगस्त माह में अबतक **190.4 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो सामान्य से **29 % कम** है।
   iv. सितम्बर माह में अबतक **112.7 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो सामान्य से **06 % अधिक** है।
   v. 01 जून से 14 सितम्बर की अवधि में **634.2 मि0मी0** वर्षापात दर्ज किया गया है जो सामान्य से **27 % कम** है।

2. **नदियों का जलस्तर** (केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार) :–

   i. **गंडक नदी** डुमरिया घाट में, **कोसी नदी** बलतारा एवं कुर्सेला में, **बूढ़ी गंडक नदी** खगड़िया में, **गंगा नदी** दीघा, गाँधीघाट, हाथीदह, भागलपुर एवं कहलगांव में, **पुनपुन नदी** श्रीपालपुर में, **बागमती नदी** बेनीबाद एवं **घाघरा नदी** दरौली में **खतरे के निशान से ऊपर** बह रही है।

3. **बाढ़ की स्थिति :** विभिन्न नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण राज्य के **15** जिलों, **(यथा पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा एवं अरवल)** के **88** प्रखण्डों में **575** ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत लगभग **49.72** लाख जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित हुई है।

4. बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों के लिए विभिन्न जिलों में कुल **1089** सामुदायिक रसोई केन्द्र का संचालन किया जा रहा है एवं अबतक लगभग **147.73 लाख** लोगों **(थाली की संख्या)** को भोजन कराया गया है। इसके अतिरिक्त **13** राहत शिविर का भी संचालन किया जा रहा हैं जहाँ **11,508 बाढ़ शारणार्थियों** के लिए आवासन, भोजन, चिकित्सा इत्यादि की व्यवस्था की गई है।

5. बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच अबतक लगभग **4.11 लाख पॉलीथीन शीट,** लगभग **78,700 ड्राई राशन पैकेट** एवं लगभग **1400 फुड पैकेट** का वितरण किया गया है। आबादी निष्क्रमण एवं आवागमन को सुगम बनाने हेतु **कुल 1358 नावों का परिचालन** कराया जा रहा है। अबतक **कुल 14,251 क्वींटल पशुचारा** का वितरण किया गया है।

6. **नदी का जलस्राव :–**

(क) **गंडक नदी (बाल्मीकिनगर बराज) :– दिनांक 15.09.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** गंडक बराज पर नदी का जलस्राव **81,800** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृति **घटने** की है। दिनांक 14.07.2026 को इस वर्ष अबतक का अधिकतम जलस्राव **2,24,000** क्यूसेक दर्ज किया गया है।

(ख) **कोसी नदी (वीरपुर बराज) :– दिनांक 15.09.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** कोसी बराज पर नदी का जलस्राव **1,66,265** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृति **स्थिर** है। दिनांक 20.07.2026 को इस वर्ष अबतक का अधिकतम जलस्राव **2,55,425** क्यूसेक दर्ज किया गया है।

(ग) **सोन नदी (इन्द्रपुरी बराज) :– दिनांक 15.09.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** इन्द्रपुरी बराज पर नदी का जलस्राव **65,128** क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृति **बढ़ने** की है। दिनांक 02.09.2026 को इस वर्ष अबतक का अधिकतम जलस्राव **5,63,654** क्यूसेक दर्ज किया गया है।

7. **एन०डी०आर०एफ० एवं एस०डी०आर०एफ०**:– संभावित बाढ़ के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य हेतु **एस०डी०आर०एफ० की 27 एवं एन०डी०आर०एफ० की 10 टीमों** को विभिन्न जिलों में प्रतिनियुक्त किया गया है।

8. **वर्षापात का पूर्वानुमान :–** बिहार मौसम सेवा केन्द्र के द्वारा अगले 2 दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर बहुत हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गयी है।

स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।